भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 51
बुधवार, 4 फरवरी, 2026 (15 माघ, 1947, (शक) को उत्तरार्थ

सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण

51 # **श्री महेंद्र भट्टः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कुल कितनी प्राथमिक सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत कर दिया गया है;

(ख) तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस उद्देश्य के लिए कंप्यूटर-शिक्षित कर्मियों की नियुक्ति हेतु कोई नीति बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (घ): संसद के पटल पर एक विवरणी रखी गई है ।

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा "सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण" के संबंध में पूछे गए दिनांक 04 जनवरी, 2026 को उत्तरार्थ राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 51 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): भारत सरकार ₹2,516 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय से कार्यशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण की परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है, जिसे अब बढ़ाकर 2925.39 करोड़ रुपये कर दिया गया है जिसमें सभी कार्यशील पैक्स को ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) आधारित कॉमन राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाकर राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) के माध्यम से नाबार्ड के साथ लिंक किया जाना है । कुल 61,478 प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) कंप्यूटरीकृत और ईआरपी पर ऑनबोर्ड कर दी गई हैं । इसका राज्य-वार ब्योरा संलगनक 'क' पर प्रस्तुत है।

(ग) और (घ): हालांकि, पैक्स कार्मिकों के नियुक्ति की नीति बनाने का कार्य संबंधित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है, पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना ईआरपी सॉफ्टवेयर के उपयोग के लिए कंप्यूटर साक्षरता और क्षमता निर्माण की दृष्टि से मौजूदा पैक्स के कार्मिकों को गहन प्रशिक्षण और हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करता है, जिनका ब्योरा निम्नानुसार है:-

i) ईआरपी के उपयोग, डेटा प्रविष्टि और लेखांकन, क्रेडिट प्रापण एवं वितरण जैसे प्रचालनात्मक मॉड्यूलों पर पैक्स कर्मियों का प्रशिक्षण,
   क) पैक्स कर्मियों के लिए 2 दिवसीय ईआरपी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण
   ख) सिस्टम इंटिग्रेटर (एसआई) द्वारा पैक्स कर्मियों के लिए 14 दिवसीय हैंडहोल्डिंग प्रशिक्षण
ii) पैक्स की जरूरतों और आवश्यकता के अनुसार पुनश्चर्या प्रशिक्षण;
iii) सुगम अंगीकरण के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में नियमित वेबिनार, हेल्पलाइन्स और उपयोगकर्ता मैनुअल;
iv) पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना में प्रशिक्षण का खर्च 10,198 रुपये प्रति पैक्स है जो कुल मिलाकर 64.24 करोड़ रुपये होता है ।

****

संलग्नक 'क'

पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना की स्थिति

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	कुल स्वीकृत पैक्स	ईआरपी पर ऑनबोर्ड
1	महाराष्ट्र	12178	12028
2	बिहार	4495	4478
3	गुजरात	6216	5705
4	आंध्र प्रदेश	2037	2021
5	छत्तीसगढ़	2028	2028
6	राजस्थान	8525	6157
7	झारखंड	2797	1479
8	पंजाब	3482	3172
9	मध्य प्रदेश	5455	4532
10	जम्मू और कश्मीर	708	537
11	हिमाचल प्रदेश	1885	1376
12	हरियाणा	710	624
13	उत्तर प्रदेश	6257	3061
14	कर्नाटक	5894	4337
15	असम	850	577
16	त्रिपुरा	475	267
17	सिक्किम	131	107
18	गोवा	86	51
19	पुडुचेरी	45	45
20	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	46	46
21	मिजोरम	99	25
22	लद्दाख	10	10
23	नागालैंड	231	102
24	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	9	4
25	अरुणाचल प्रदेश	139	13
26	उत्तराखंड	1216	669
27	मणिपुर	308	199
28	मेघालय	330	11
29	तमिलनाडु	4561	4509
30	पश्चिम बंगाल	4187	3308
31	ओडिशा*	4240	0
	कुल	**79630**	**61478**

*ओडिशा हाल ही में इस परियोजना से जुड़ा है